बरेली, सोमवार
25 अक्टूबर, 2021
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 6.00
पृष्ठ 20

दैनिक जागरण

PAGE NO, 7, TOP

यशपाल यादव के तूफान में उड़ी अल्मा मातेर की टीम

जासं, बरेली : एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी के क्रिकेट ग्राउंड पर रविवार को श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट 2021 के तीसरे सीजन का आगाज बेहद शानदार रहा। उद्घाटन मैच में दिल्ली पब्लिक स्कूल और इसके बाद हुए मैच में रोटरी स्कूल की टीम ने जीतकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। रोटरी स्कूल की ओर से गेंदबाज यशपाल यादव ने हैट्रिक समेत सात विकेट लिए। उनके तूफान में अल्मा मातेर की टीम टिक न सकी।

एसआरएमएस सीईटी में रविवार को हुए मुकाबले में जीआरएम पर जीत दर्ज करने के बाद खुशी का इजहार करते डीपीएस के खिलाड़ी ● सौ.एसआरएमएस

डीपीएस ने खड़ा किया 117 रन का स्कोर

उद्घाटन मैच में दिल्ली पब्लिक स्कूल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दिव्यांशु अरोड़ा के 50 रनों की बदौलत निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट खोकर 117 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे जीआरएम स्कूल की टीम 20 ओवर में 92 रन बना सकी और उसे 25 रनों से हार का सामना करना पड़ा। डीपीएस से 50 रन बनाने वाले दिव्यांश अरोड़ा मैन आफ द मैच रहे।

रोटरी ने कम लक्ष्य को भी आसानी से बचाया

दूसरे मैच में अल्मा मातेर टीम के खिलाफ टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रोटरी स्कूल की टीम 77 रनों पर आलआउट हो गई। जवाब में अल्मा मातेर की टीम 53 रन पर आउट हो गई। रोटरी स्कूल के गेंदबाज यशपाल यादव ने हैट्रिक के साथ चार ओवर में 30 रन देकर सात विकेट चटकाए और मैन आफ द मैच बने।